भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2881**
बुधवार, 26 मार्च, 2025/5 चैत्र, 1947 (शक) को उत्तरार्थ

## सहकारी समिति

2881. श्री समीरुल इस्लाम:

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में कार्यशील सहकारी समितियों की संख्या कितनी है;

(ख) देश में रुग्ण सहकारी समितियों की संख्या कितनी है;

(ग) सरकार द्वारा सहकारिता आन्दोलन में सुधार के लिए क्या कदम उठाए गए है; और

(घ) देश भर में बंद सहकारी समितियों की संख्या कितनी है, तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

## उत्तर

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) और (ख) राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (NCD) के अनुसार, भारत में 01.03.2025 तक कुल **8,32,103** सहकारी समितियों में से **6,37,221 सहकारी समितियां** कार्यात्मक हैं और **45,811** समितियां परिसमापन चरण में हैं ।

(ग) 6 जुलाई, 2021 को स्थापित सहकारिता मंत्रालय ने सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए **" सहकार से समृद्धि"** के अपने दृष्टिकोण के तहत विभिन्न पहलें शुरू की हैं । पहलों के प्रमुख क्षेत्र इस प्रकार हैं:

i. प्राथमिक सहकारी समितियों को आर्थिक रूप से जीवंत और पारदर्शी बनाना;
ii. शहरी एवं ग्रामीण सहकारी बैंकों को मजबूत बनाना;
iii. आयकर अधिनियम में सहकारी समितियों को राहत;
iv. सहकारी चीनी मिलों का पुनरुद्धार;
v. तीन नई राष्ट्रीय स्तर की बहु-राज्य सहकारी समितियाँ;
vi. सहकारी समितियों में क्षमता निर्माण;
vii. 'ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस ' के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग ;
viii. अन्य पहलें

(घ) NCD के अनुसार भारत में गैर-कार्यात्मक/निष्क्रिय सहकारी समितियों की राज्य-वार संख्या **अनुलग्नक** में दी गई है ।

*****

**<u>अनुलग्नक</u>**

## भारत में गैर-कार्यात्मक सहकारी समितियों की कुल संख्या

*स्रोत:- NCD पोर्टल 01.03.2025 तक।*

| क्र.सं. | राज्य | समितियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह | 878 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 4930 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 489 |
| 4 | असम | 3650 |
| 5 | बिहार | 8547 |
| 6 | चंडीगढ़ | 221 |
| 7 | छत्तीसगढ | 723 |
| 8 | दिल्ली | 3992 |
| 9 | गोवा | 2405 |
| 10 | गुजरात | 6363 |
| 11 | हरियाणा | 3796 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 584 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 1629 |
| 14 | झारखंड | 3934 |
| 15 | कर्नाटक | 3122 |
| 16 | केरल | 3708 |
| 17 | लद्दाख | 110 |
| 18 | लक्षद्वीप | 12 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 18566 |
| 20 | महाराष्ट्र | 3114 |
| 21 | मणिपुर | 6061 |
| 22 | मेघालय | 425 |
| 23 | मिजोरम | 152 |
| 24 | नगालैंड | 5863 |
| 25 | ओडिशा | 504 |
| 26 | पुदुचेरी | 32 |
| 27 | पंजाब | 3165 |
| 28 | राजस्थान | 14080 |
| 29 | सिक्किम | 1951 |
| 30 | तमिलनाडु | 1164 |
| 31 | तेलंगाना | 11843 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 155 |
| 33 | त्रिपुरा | 1128 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 22642 |
| 35 | उत्तराखंड | 1495 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 8922 |
| | **कुल** | **150355** |